**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय सोमवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-22 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 22 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-सलेमपुर पतौरा, पो0-काकोरी जिला लखनऊ के कल्याण सिंह वार्ड में प्राइमरी स्कूल से छोटे बड़े के घर तक सड़क में बड़े-बड़े गडढे हो गये है ? | प्रश्नगत स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त यह पाया गया कि मार्ग पूर्णत: कच्चा है। मौके पर गली क्षतिग्रस्त तथा स्थल नीचा है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त सड़क का निर्माण कराकर सदन को अवगत करायेंगे ? | प्रश्नगत कालोनी प्राइवेट सोसाइटी/ कॉलोनाईजर द्वारा अनधिकृत रूप से बसायी गयी है, जिसका तलपट मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं है। ऐसी कॉलोनियों के विकास का प्रथम दायित्व संबंधित सोसाइटी/कॉलोनाइजर का होता है, फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अपने सीमित संसाधनों से प्राथमिकता निर्धारित करते हुये समय-समय पर विकास कार्य कराये जाते हैं।<br><br>प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता तथा स्थानीय निकाय के निर्णय पर निर्भर है। |
| (ग) यदि नही, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री,**
**नगर विकास विभाग।**